तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 20 मार्च 2025



12 सभी अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयीन समय में उपस्थिति ...



13 उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा को शिकस्त






## खबर संक्षेप



### कार ने मारी टक्कर स्कूटी चालक, युवक की मौके पर ही मौत

जगदलपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित रायपुर- जगदलपुर हाईवे में बुधवार दोपहर हुए सड़क हादसे में स्कूटी सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अन्य सवार घायल हो गए। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार कार का चालक स्कूटी को टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक कार बकावण्ड सरगीपाल मार्ग से आसना की ओर आ रहा था। वहीं स्कूटी में सवार युवक जगदलपुर से आसना की ओर जा रहा था। तभी तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक कार चलाते हुए चालक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार युवक दीपक ठाकुर की मौके पर ही मौत हो गई। वही स्कूटी में सवार दो अन्य लोगों को मामूली चोट आई है। मृतक युवक भानपुरी थाना क्षेत्र के हिरलाभाटा का निवासी है जो परिवार के साथ जगदलपुर में रह रहा था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रवाना किया। घटना में कितने युवक घायल हुए है इसकी जानकारी के लिए कोतवाली थाना प्रभारी को कॉल किया गया लेकिन उन्होंने पूर्व की तरह फोन रिसीव नहीं किया। घटना की जानकारी देते हुए एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि स्कूटी शेष पेज 12 पर

# ढाई वर्षों में देश के 20 राज्यों में महकी 4.59 लाख क्विंटल से अधिक बस्तर की इमली

## मंडी शुल्क हटाने से सबसे बड़ी इमली मंडी को करोड़ों का हो रहा घाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एशिया की सबसे बड़ी इमली मंडी का दर्जा जगदलपुर मंडी का था। इमली पर से शुल्क हटाने से मंडी को करोड़ों का नुकसान हो रहा है। इसके बाद भी ढाई वर्षों में देश के 20 राज्यों में 4 लाख 59 हजार 818 क्विंटल बस्तर की इमली भेजा गया। इसमें से आंध्रप्रदेश, असम, बिहार, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना, तमिलनाडु, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड एवं वेस्ट बंगाल शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडी अधिनियम 1972 की धाराओं के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए राज्य सरकार ने प्रदेश में इमली की खरीदी-बिक्री पर लगने वाला मंडी शुल्क समाप्त कर दिया है। इसके चलते संग्राहकों को कोई विशेष फायदा तो नहीं होगा, लेकिन एशिया की सबसे बड़ी इमली के नाम से चर्चित बस्तर मंडी को सालाना लगभग छह करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। बस्तर को सबसे बड़ा इमली उत्पादक माना जाता है। जगदलपुर मंडी में ही हर साल लगभग करोड़ों रुपए का इमली का शेष पेज 12 पर

### इमली से मंडी को शुल्क नहीं

राज्य कृषि विपणन मंडी बोर्ड बस्तर संभाग के प्रभारी संयुक्त संचालक केएल मंडावी ने बताया कि इमली से मंडी को कोई शुल्क नहीं मिल रहा है।



### सालाना होता था करोड़ों का कारोबार

बस्तर संभाग में इमली का सालाना करोड़ों रुपए का कारोबार होता था। बस्तर को एशिया की सबसे बड़ी इमली मंडी का दर्जा भी हासिल है। यहां से इमली दक्षिणी राज्यों सहित खाड़ी के देशों में भी एक्सपोर्ट होती है। आंध्र, तेलांगना सहित दक्षिणी राज्यों में बस्तर की इमली का सबसे अधिक मांग रहता है।

## समस्या : बस्तरवासियों की वर्षों से उठ रही मांग पर जिम्मेदारों की चुप्पी

# बस्तर की प्राणदायिनी इंद्रावती नदी के घटते जलस्तर से बस्तरवासियों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ जल बंटवारे समझौते का ओडिशा पालन नहीं कर रहा

बस्तर की प्राणदायिनी इंद्रावती में जल की मात्रा अत्यंत कम है जिससे यहां के किसान और नदी पर आश्रित ग्रामवासी बेहद परेशान और चिंतित है। गर्मी का मौसम प्रारम्भ ही हुआ है इंद्रावती लगभग सूख चुकी है। इन्द्रावती की हो रही दुर्दशा को लेकर बस्तरवासी वर्षों से मांग उठा रहे है मगर छत्तीसगढ़ शासन जिला प्रशासन व जल संसाधन विभाग द्वारा इसके निराकरण के लिए जिस तेजी से काम करना चाहिये, वैसा कहीं दृष्टिगोचर नहीं हो रहा है। इन्द्रावती बचाओ अभियान के माध्यम से भी पिछले 6 वर्षों से बस्तरवासी इसके समाधान के लिये निरंतर मांग उठा रहे है। इन्द्रावती बचाओ अभियान में पूरे बस्तर के लोग शामिल है। नदी के घटते जल स्तर, पर्यावरण सुरक्षा तथा प्रदूषण मुक्ति के लिए आवाज उठाते रहे शेष पेज 12 पर



### समस्या का हो स्थाई समाधान

इन्द्रावती बचाओ अभियान के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को सौपे मांगपत्र में ध्यानाकर्षण कराते कहा कि इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रयास किया जाए। ओडिशा पर बस्तर के हक के पानी के लिये दबाव बनाया जाना चाहिये। दोनों राज्यों के मध्य हुए समझौते को दोनों राज्य पूरा सम्मान देते हुए उसके अनुरूप कार्य करें। जोरानाला से हमारी सीमा व सीमा के अंदर जमा रेत को हटाया जाय ताकि पानी अविरल रूप से बहता रहे। बस्तर में जल संचयन के लिए बैराज, छोटे बांध आदि बनाये जायें ताकि बरसात के अलावा अन्य समय में भी पर्याप्त मात्रा में किसानों व ग्राम वासियों के लिये पानी की उपलब्धता रहे। इंद्रावती के साथ ही उसकी सहायक नदियों को भी संरक्षित किया जाये। इंद्रावती व सहायक नदियों के किनारे सघन पौधारोपण किया जाये।

# इनामी सहित 2 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

■ हत्या, रोड खोदने व आगजनी घटनाओं में थे शामिल

जिले में चलाये जा रहे लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर 1 इनामी सहित 2 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पित माओवादी सुपा ओयमा तिमेनार डीएकेएमएस अध्यक्ष 2 लाख ईनामी के पद पर सक्रिय था। आत्मसमर्पित माओवादी टेमो उर्फ हेमसिंग ठाकुर जैगूर आरपीसी मिलिशिया सदस्य के पद पर सक्रिय था। आत्मसमर्पित माओवादी हत्या, रोड खोदने व आगजनी करने जैसी घटनाओं में शामिल था।

नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा, माओवादी संगठनों के भीतर आंतरिक मदभेद और जंगलो में रहने की कठिनाईयों से तंग आकर नक्सलवाद की ओर भटके युवा अब समाज के मुख्यधारा में जुड़ने का संकल्प करके तिमेनार डीएकेएमएस अध्यक्ष सुपा राम ओयाम 35 वर्ष जाति मुरिया निवासी तिमेनार स्कूलपारा शेष पेज 12 पर



### ये सुविधाएं मिलेंगी आत्मसमर्पित नक्सलियों को

आत्मसमर्पित माओवादियों को पुनर्वास नीति के तहत 25 हजार रुपए की सहायता राशि के साथ छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मिलने वाली अन्य सुविधायें जैसे 10 हजार रुपए की मासिक आर्थिक सहायता, 3 वर्ष तक निःशुल्क आवास तथा भोजन, स्किल डेवलपमेंट हेतू प्रशिक्षण, कृषि भूमि इत्यादि मुहैया कराई जाएगी।

# 15 यात्री बसों में बिना लाइसेंस के परिचालक मिलने पर किया जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ संभाग में संचालित अधिकांश बसों में परिचालक बिना लाइसेंस के चल रहे

बस्तर संभाग से संचालित हो रही अधिकांश बसों में परिचालक बिना लाइसेंस के चल रहे हैं। कई को तो इसकी जानकारी तक नहीं। परिवहन नियमों के अनुसार परमिट पर चलने वाली बसों में कंडक्टर के पास भी लाइसेंस होना चाहिए। यह लाइसेंस गाड़ी चलाने के लिए नहीं बल्कि कंडक्टरी का काम करने के लिए होता है। इसके बिना कोई भी बस में कंडक्टरी नहीं कर सकता। मगर शहर से परमिट लेकर दौड़ रहीं 350 बसों में से इक्का-दुक्का ही बसें ऐसी हैं, जिनमें कंडक्टर के पास लाइसेंस है। हैरत की बात तो यह है कि जब आरटीओ कार्यालय में इस बारे में पता किया तो पता चला कि कई वर्षों से कोई भी कंडक्टर इस जरूरी लाइसेंस के लिए आया ही नहीं। वहीं परिवहन विभाग के आयुक्त के निर्देश पर उड़नदस्ता की टीम ने मार्च माह में अब तक 15 यात्री बसों शेष पेज 12 पर

### वाहनों को हो रही जांच

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी निरीक्षक अनिल गारदे ने बताया कि बस्तर संभाग के सभी सड़कों में वाहनों के साथ यात्री बसों की जांच के दौरान कार्रवाई की जा रही है। बिना लाइसेंस के परिचालक दूसरी बार मिले तो बस संचालक पर सख्ती कार्रवाई की जाएगी।



# नक्सल एरिया में सड़क निर्माण से गांवों में पहुंच रही खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ जगरगुंडा क्षेत्र के निर्माणाधीन सड़क की गुणवत्ता देखने पहुंचे पीडब्ल्यूडी के सीई व एसई

बस्तर में एक तरफ नक्सलियों से जंग लड़ी जा रही है, दूसरी तरफ विकास के कार्य किए जा रहे हैं। बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में भी इन दिनों विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित जगरगुंडा में सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इस निर्माणाधीन सड़क में गुणवत्ता देखने के लिए हाल ही में लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता जीआर रावटे एवं अधीक्षण अभियंता डीएल टेकाम ने पहुंचकर निरीक्षण किया। वहां ग्रामीणों ने चर्चा शेष पेज 12 पर

### समस्याओं से मिलेगा छुटकारा

ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में सड़क का निर्माण कार्य से लोग सरकारी योजनाओं के लाभ मिल सकेगा। ऐसा लग रहा है कि ग्रामीणों की समस्याएं दूर हो जाएगी। सड़क नहीं होने से यहां के ग्रामीणों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था, ऐसी समस्या का छुटकारा हो सकेगा।

## समस्त पैनल वोटरों को लुभाने प्रचार में बहा रहे पसीना

# बस्तर परिवहन संघ चुनाव में चतुष्कोणीय मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ 2172 मतदाता करेंगे 30 बीपीएस प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

बस्तर परिवहन संघ में इस बार चौकोणीय मुकाबला है जो काफी दिलचस्प होगा। सभी चारों पैनल के प्रत्याशी इन दिनों वोटरों को लुभाने चुनावी रण में जमकर पसीना बहा रहा है। वर्तमान कार्यकारिणी पैनल दुबारा चुनाव मैदान में है। वर्तमान कार्यकारिणी के लिए चुनाव में जीत हासिल करना प्रतिष्ठा बन गया है। इस बार पहली बार चार पैनलों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। कुल 2172 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर 30 से अधिक प्रत्याशियों के भविष्य का फैसला करेंगे। चुनावी सरगर्मी के बीच सभी पैनल के लोग मतदाताओं तक पहुंचने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे है। प्रत्याशी और उनके समर्थक घर-घर जाकर वोट की अपील कर रहे है। साथ ही छोटी-छोटी बैठकों के जरिए अपने वादों को जनता के सामने रख रहे हैं। इस बार चार पैनलों की मौजूदगी ने मुकाबले को और भी रोचक बना दिया है, क्योंकि हर पैनल अपनी जीत के प्रति आश्वस्त दिख रहा है।

चुनावी दौर में सभी पैनलों ने अपनी-अपनी रणनीतियां बनाई हैं। वरिष्ठ नेताओं से लेकर कार्यकर्ताओं तक ने मतदाताओं से मुलाकात कर उन्हें अपने पक्ष में करने की कोशिश की है। सोशल मीडिया, पोस्टर, और सभाओं के जरिए भी प्रत्याशियों ने जनसंपर्क का सिलसिला तेज कर दिया है। इस चुनाव को लेकर संगठन के सदस्यों में काफी उत्साह है। एक वरिष्ठ सदस्य ने बताया कि यह चुनाव संगठन की दिशा तय करेगा। चार पैनलों की मौजूदगी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करती है। वहीं, मतदाताओं से अपील की जा रही है कि वे ध्यान से प्रत्याशियों के एजेंडे का आंकलन करके वोट डालें। मतदान से ठीक पहले सभी पैनलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। कई प्रत्याशी रात-दिन एक करके मतदाताओं से संपर्क कर रहे शेष पेज 12 पर






**खबर संक्षेप**

### पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत हो रहा लाभार्थियों का सर्वेक्षण

**कोण्डागांव।** जिले के जरूरतमंद व्यक्तियों के पक्के आवास के सपने को साकार करने हेतु जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास निर्माण कार्यों में निरंतर प्रगति की जा रही है। कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई के निर्देशानुसार सभी ग्राम पंचायतों में मैदानी अमले सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। जिले में कुल लक्ष्य 28936 प्राप्त है जिसमें से स्वीकृत 23168 का किश्त राशि भुगतान कर दिया गया है एवं शेष हितग्राहियों को आवास की स्वीकृति लगातार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास प्लस सर्वे 2.0 ऐप्प के माध्यम से उन पात्र परिवारों को चिह्नित किया जा रहा है जो वर्ष 2011 के सामाजिक, आर्थिक एवं जातिगत जनगणना की सर्वे सूची तथा आवास प्लस 2018 की सर्वे सूची में छूटे हुये थे। यह सर्वे 31 मार्च 2025 तक पूरा किया जाएगा। इस कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र को समर्पित मानव संसाधन को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे आवास प्लस सर्वे 2.0 एप्प के माध्यम से पात्र परिवारों का सर्वेक्षण कर रहे हैं जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवार इस योजना से लाभ प्राप्त कर सकें। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास निर्माण की गति बढ़ाने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। पात्र हितग्राहियों को समय पर योजना का लाभ देने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किये गये हैं। हितग्राहियों को निर्माण सामग्री उपलब्ध कराये जाने के लिए ग्राम पंचायत पदाधिकारियों द्वारा सहायता किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा सभी ग्रामवासियों से अपील की गई है कि इस योजना का अधिकतम लाभ उठाएं एवं अपने नजदीकी ग्राम पंचायत कार्यालय में संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त करें।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 26 मार्च तक

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 2024–25 सत्र में ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित की गई है। यह छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर के लिए उपलब्ध है। इच्छुक विद्यार्थी 19 मार्च से 26 मार्च 2025 तक ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेजों, मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग कॉलेजों, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी.आई. के प्राचार्यों और छात्रवृत्ति प्रभारी द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण, स्वीकृति और वितरण की प्रक्रिया वेबसाइट पर की जा रही है। विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन नवीन व नवीनीकरण के लिए अंतिम तिथि 26 मार्च 2025, ड्राफ्ट प्रोपोजल लॉक करने की तिथि 28 मार्च 2025 और सेक्शन ऑर्डर लॉक करने की अंतिम तिथि 30 मार्च 2025 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि के बाद पोर्टल बंद कर दिया जाएगा और छात्रवृत्ति संबंधी कोई भी प्रक्रिया संपन्न नहीं की जा सकेगी। यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी इस अवधि के भीतर आवेदन नहीं करते हैं, तो वे छात्रवृत्ति से वंचित रह सकते हैं और इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे।

# पारंपरिक वेशभूषा में जनजातीय नृत्यों की 23 दलों ने दी शानदार प्रस्तुति

## बस्तर पंडुम तीन दिवसीय विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर पंडुम अंतर्गत विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। जनपद पंचायत कोंडागांव के स्थानीय ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समाज के प्रबुद्धजनों की उपस्थिति रही। तीन दिवसीय इस आयोजन के पहले दिन लोक कलाकारों द्वारा पारंपरिक जनजातीय नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। इसके साथ ही जनजातीय वेशभूषा और आभूषणों की विशेष प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। कार्यक्रम में 23 दलों की पारंपरिक एवं जनजातीय लोकनृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अंतर्गत लोक कलाकारों ने मादरी नृत्य, गेड़ी नृत्य, गौर नृत्य सहित विभिन्न लोकनृत्यों की प्रस्तुती दी। जनजातीय वेशभूषा के प्रदर्शन में 8 दलों ने परंपरागत वेशभूषा के साथ आभूषणों के नाम जैसे सुता, बंधा, कौड़ी गजरा, कौड़ी माला, पुतरी, करधन, बाहुटा, ढार, लुरकी, ऐंठी, मुंदरी, फूली, पटा, बिछिया सहित अन्य आभूषण की विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों के द्वारा दी गई। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष नरपति पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुई।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष जसकेतू उसेण्डी जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनिता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेन्द्र सिंह ठाकुर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, समाज प्रमुख एवं प्रबृद्धजन उपस्थित रहे। बस्तर पंडुम के विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम के दूसरे दिन 18 मार्च 2025 को जनजातीय गीत और जनजातीय वाद्ययंत्रें का प्रदर्शन किया जाएगा और तीसरे दिन 19 मार्च को जनजातीय नाट्य, जनजातीय शिल्प एवं चित्रकला का प्रदर्शन, जनजातीय पेय पदार्थ एवं व्यंजन का प्रदर्शन किया जाएगा।



**अपनी समृद्ध परंपराओं से जोड़ रहा कार्यक्रम**

इस आयोजन के माध्यम से युवाओं को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को करीब से देखने और समझने का अवसर मिल रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उत्साह के साथ दोनों श्रेणियों में प्रतिभागियों ने भाग लिया। जनजातीय वेशभूषा एवं आभूषण वर्ग में भाग लेने वाली प्रतिभागी पोस्ट मैट्रिक छात्रवास की छात्र मनिता नेताम ने राज्य शासन को इस आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि बस्तर पंडुम न केवल लोक संस्कृति को संरक्षित करने में कारगर साबित होगा, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध परंपराओं से जोड़ने का भी महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। यह आयोजन युवाओं को अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने और इसे आगे बढ़ाने के लिए भी प्रेरित कर रहा है।

## अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

# सभी अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयीन समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने मंगलवार को साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में जिले के सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे कार्यालयीन समय का कड़ाई से अनुपालन करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सुबह 10 बजे कार्यालय में उपस्थित रहें और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी निर्देशित करें। अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि पंचायतीराज संस्थाओं के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सहयोग से स्कूलों में न्यौता भोज का आयोजन किया जाए। जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच, उपसरपंच एवं पंच स्वेच्छा से विशेष अवसरों पर किसी एक स्कूल में यह आयोजन कर सकते हैं। उन्होंने इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही के लिए जनपद पंचायत के सीईओ को निर्देशित किया। कलेक्टर ने नगर पालिका परिषद के सीएमओ को नया बस स्टैंड के सुचारू रूप से संचालन के लिए सभी आवश्यक मरम्मत कार्य पूर्ण कराने सहित स्वीपर एवं चौकीदार की नियुक्ति करने के निर्देश दिए। नया बस स्टैण्ड में बसों के संचालन के लिए एसडीएम एवं आरटीओ को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने वर्तमान में चल रही परीक्षाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों पर सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए।



**जमीन का चिन्हांकन करने के निर्देश**

*कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सहकार से समृद्धि अभियान के तहत सहकारी समितियों के गठन की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सहकारिता विभाग को पेट्रोल पंप संचालन के लिए सहकारी समितियों को प्रोत्साहित करने एवं इस के लिए जमीन का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत जनपद पंचायतों में मॉडल ग्राम पंचायत विकसित करने की प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के तहत घर–घर कचरा संग्रहण, गीले एवं सूखे कचरे को अलग–अलग रखने सहित सभी निर्धारित बिंदुओं का समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अमरावती लैम्पस सोसायटी प्रबंधक की कार्य में लापरवाही की किसानों के शिकायत पर सहकारिता विभाग को संबंधित प्रबंधक के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।*

**मौजुद रहे ये**

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पंजीयन की स्थिति की जानकारी ली और एग्रीस्टेक परियोजना के अंतर्गत किसानों के पंजीयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर की जा रही कार्यवाही की भी विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में डीएफओ एन. गुरूनाथन, आरके जांगड़े, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, डीआर ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय बस्तर पंडुम में शामिल विजेता नर्तक दल को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य की अनूठी आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से /"बस्तर पंडुम 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में फरसगांव में विकासखंड स्तरीय बस्तर पंडुम 2025 का शुभारंभ 18 मार्च मंगलवार को जनपद पंचायत परिसर में हुआ। बस्तर पंडुम के पहले दिन जनजातीय नृत्य प्रतियोगिता में लगभग 35 दल ने भाग लिया, जनजातीय व्यंजन एवं पेय पदार्थ प्रदर्शन में दल शामिल हुए। जनजातीय वेशभूषा एवं आभूषण प्रदर्शनी में भी प्रतिभागियों ने भाग लिया। जनजातीय वाद्य यंत्र प्रदर्शन में विभिन्न दलों ने अपनी प्रस्तुति दी। यह आयोजन दुसरे दिन 19 मार्च को भी चला जिसमे 40 से अधिक नर्तक दलों ने भाग लिया। अंतिम में विजेता दल को पुरस्कृत करने के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।

- राज्य की अनूठी आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखना उद्देश्य

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य कलता मंडावी, जयलाल नाग, जपं अध्यक्ष मानकु राम नेताम, उपाध्यक्ष जदू राम नाग, समस्त जनपद सदस्यगण, सरपंचगण, जनप्रतिनिधि, गायता, पुजारी, समाज प्रमुख, फरसगांव जपं सीईओ रामेश्वर महापात्र, तहसीलदार जयकुमार नाग, टीएल नाग, रामलाल कोर्राम, ईश्वर कोर्राम, वीरेंद्र साहू, संतोष देवांगन समेत विभिन्न नर्तक दलों के सदस्य रहे। पूरे कार्यक्रम में शिक्षक योगेश साहू ने माइक संचालन किया ।

**सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की कवायद**

जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकुराम नेताम ने कहा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप इस आयोजन के माध्यम से बस्तर संभाग की समृद्ध लोककला, रीति-रिवाज, पारंपरिक जीवनशैली और सांस्कृतिक विरासत को संजोने तथा नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। यह महोत्सव न केवल बस्तर के प्रतिभाशाली कलाकारों को एक सशक्त मंच प्रदान कर रहा है, बल्कि उनकी कला को नई पहचान और प्रोत्साहन भी दे रहा है।

# पीएम इंटर्नशिप योजना के लिए 31 तक आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बेरोजगार युवाओं को कौशल विकास और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना शुरू की गई है। इस योजना के अंतर्गत शासकीय पीलीटेक्निक कोडागांव में 31 मार्च तक प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजित किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी इस शिविर में उपस्थित होकर निःशुल्क पंजीकरण व आवेदन कर सकते हैं।

**कार्यानुभव प्राप्त करने का बेहतरीन अवसर**

भारत सरकार प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना 2025 युवा उम्मीदवारों के लिए बहुमूल्य कार्य अनुभव प्राप्त करने का एक अवसर है, जिसके तहत भारत सरकार के कार्पोरेट कार्य मंत्रलय की वेबसाईट पर 31 मार्च 2025 तक आवेदन किया जा सकता है। आवेदक की न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं अधिकतम आयु 24 वर्ष निर्धारित है। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई, पॉलिटेक्निक डिप्लोमा या स्नातक है। उम्मीदवार किसी भी पूर्णकालिक रोजगार या शैक्षिक कार्यक्रम में शामिल नहीं होना चाहिए एवं उसके पारिवारिक की आय वित्तीय वर्ष 2024–25 में 8 लाख से कम होनी चाहिए और उसके परिवार का कोई भी सदस्य स्थायी सरकारी पद पर नहीं होना चाहिए। पशिक्षु अवधि 12 माह एवं स्टाइपेंड 5 हजार रुपए प्रति माह देय होगा एवं 600 रूपये की राशि का वन टाईम ग्रांट प्राप्त होगा। आवेदक अपना पंजीयन इंटरनेट के माध्यम से स्वंय कर सकते है या किसी इंटरनेट कैफे, सी.एस.सी., इंस्टीट्यूट के माध्यम से करवा सकते है। अधिक जानकारी के लिये कार्यालयीन समय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र एवं मॉडल करियर सेण्टर कोण्डागांव से सम्पर्क कर सकते है।

# नक्सलियों का डंप बीजीएल लांचर व विस्फोटक बरामद

- डीआरजी व जिला बल की टीम ने दंतेशपुरम के जंगल से सर्चिंग के दौरान किया बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सुकमा जिले के भेज्जी थाना से निकली संयुक्त टीम ने सर्चिंग के दौरान दंतेशपुरम के जंगल से माओवादियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से डंप किया गया भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक बरामद किया है।

- 12 बोर बंदूक, जिंदा कारतूस व भारी मात्रा में जिलेटिन रॉड भी मिला

जानकारी के मुताबिक 18 मार्च को सुकमा जिले के थाना भेज्जी क्षेत्र के ग्राम बोदराजपदर, मैलासुर, दंतेशपुरम, कँगालतोंग के जंगल क्षेत्र मे नक्सलियों की उपस्थित की सूचना पर जिला पुलिस बल, डीआरजी की संयुक्त टीम नक्सल गस्त सर्चिंग के लिए रवाना हुई थी।

सुकमा जिले में आईजी सुंदरराज पी व एसपी किरण चव्हाण के निर्देश में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है इसी तारतम्य में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर टीम रवाना हुई थी। सर्चिंग के दौरान मंगलवार को लगभग 12.10 बजे ग्राम दंतेशपुरम के जंगल क्षेत्र में अज्ञात नक्सलियों के द्वारा सुरक्षाबल के जवानों को क्षति पहुंचाने की नीयत से छुपा कर रखा विस्फोटक बरामद किया गया। सुरक्षाबलों ने जंगल से नक्सलियों द्वारा डंप किया गया बीजीएल लांचर, 12 बोर रायफल, 19 जिंदा कारतूस, कमर पोच तथा 55 जिलेटिन रॉड बरामद किया। डंप विस्फोटक बरामद करने वाले टीम के सभी जवान सुरक्षित हैं। अभियान के बाद सुरक्षित कैम्प लौट आए हैं।

# आदिवासी गीत और वाद्ययंत्रों से मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर संभाग जो अपनी समृद्ध आदिवासी संस्कृति और परंपराओं के लिए विश्वभर में पहचाना जाता है, यहां की पहचान और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बस्तर पंडुम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव का उद्देश्य सिर्फ आदिवासी समुदाय की विलुप्त होती परंपराओं को पुनर्जीवित करना और अगली पीढ़ी तक पहुंचाना ही नहीं है बल्कि, उन्हें विकास के नए आयाम से जोड़ना भी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने आदिवासी समुदाय को अपनी संस्कृति को संजोने और गर्व से प्रदर्शित करने का एक सशक्त मंच प्रदान किया है। बस्तर पंडुम न केवल आदिवासी कला का उत्सव है, बल्कि यह संस्कृति को बचाने और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का एक सार्थक प्रयास भी है। इस आयोजन के माध्यम से आदिवासियों द्वारा आदिवासी लोकगीत, पारंपरिक वाद्ययंत्रों, नृत्य शैलियों और रीति–रिवाजों को एक भव्य स्वरूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। गोंड समुदाय के कलाकारों ने अपने प्रसिद्ध लिंगो पेन की सेवा अर्जी गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। यह गीत समुदाय में गुरु के सम्मान में गाया जाता है। इसके अलावा धनकुल गीत, शादी गीत, नामकरण गीत और मृत्यु के समय गाए जाने वाले गीतों की भी अद्भुत प्रस्तुति दी गई।



**कलाकारों ने मंच को किया जीवंत**

बस्तर पंडुम 2025 के तहत विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम के दूसरे दिन जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में दर्शकों ने आदिवासी कलाकारों की प्रस्तुतियों का उत्साहपूर्वक आनंद लिया और वहीं आदिवासी कलाकारों ने अपनी गीत और वाद्ययंत्रें की विरासत को मंच पर जीवंत किया। कार्यक्रम में एकल और समूह प्रस्तुति के माध्यम से आदिवासी गीतों की मनमोहक धुनों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत झलियाना हल्बी गीत से हुई, जिसे क्षेत्र में शादी–ब्याह के अवसरों पर गाया जाता है। इसके बाद रेजापाटा और गोटुल गीत की आकर्षक प्रस्तुति हुई, जिसे गोटुल के युवाओं द्वारा गाया जाता है। इसके अलावा कलाकारों ने जगार गीत, हल्दी कुटनी गीत, लेजा गीत और फनदी गीत की भी प्रस्तुति दी, जो आदिवासी जीवन के विभिन्न अवसरों से जुड़े होते हैं।

## पेज 11 के शेष

**ढाई वर्षों में देश ....**

कारोबार होता है। मंडी में इमली के क्रय-विक्रय पर एक प्रतिशत मंडी शुल्क लिया जाता था। बताया गया कि बस्तर संभाग में प्रति वर्ष लगभग चार लाख 50 हजार क्विंटल इमली का कारोबार होता था। जगदलपुर मंडी में ही ढाई लाख क्विंटल इमली का कारोबार हो जाता है वहीं इससे प्रतिवर्ष लगभग एक करोड़ रुपए मंडी शुल्क प्राप्त होता रहा है। मंडी सूत्रों ने बताया कि शुल्क हटाए जाने से संभाग की मंडियों को लगभग छह करोड़ रुपए के मंडी शुल्क का नुकसान हो रहा है।

**बस्तर की प्राणदायिनी ...**

है। इन्द्रावती बचाओ अभियान से जुड़े सदस्य बुधवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम इस समस्या के स्थाई निराकरण के लिए मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र में उल्लेख है कि इन्द्रावती के जल संकट का प्रमुख कारण ओडिशा से कम मात्रा में मिल रहा पानी है। दोनों राज्यों के मध्य हुए समझौते का पालन ओडिशा द्वारा ना किये जाने से बस्तर में लगातार जल संकट बना रहता है। जोरानाला पर बने स्ट्रक्चर के भी देखरेख के अभाव के कारण बस्तर की ओर जमा रेत का टीला लगातार ऊँचा हो रहा है। बस्तर की ओर आने वाला पानी मात्र के नाली के जैसा ही आ रहा है। ओडिशा की यह जिम्मेदारी है कि बस्तर की ओर आने वाले पानी पर कोई अवरोध ना आने दें।

किसान सड़क पर उतरने हुए विवश : वर्तमान में बस्तर के किसान पानी की कमी के कारण बेहद चिंतित और आंदोलित है। आज किसान सड़कों पर उतरकर आंदोलन के लिये विवश हैं तो इसके लिये शासन प्रशासन दोषी है। मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौपे मांगपत्र की एक-एक प्रति भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण देव, जलसंसाधन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप को अग्रेषित किया है। इस दौरान छग सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष दशरथ कश्यप, किशोर पारख, रोहित सिंह बैस, राजकुमार दण्डवानी, शिव चांडक, वेणुगोपाल मौजूद थे।

**इनामी सहित 2 ....**

थाना मिरतुर जिला बीजापुर लाख ईनामी एवं जैगूर आरपीसी मिलिशिया सदस्य टेमो उर्फ हेमसिंग ठाकुर 24 वर्ष जाति धाकड़ निवासी जैगूर स्कुलपारा थाना कुटरू जिला बीजापुर ने आत्मसमर्पण की इच्छा जाहिर करते हुये 19 मार्च को पुलिस महानिरीक्षक केरिपु सीजी सेक्टर छग रायपुर राकेश अग्रवाल, उप महानिरीक्षक दन्तेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप, पुलिस उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ राकेश कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक केरिपु ऑप्स बीजापुर सेक्टर देवेन्द्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, कमाण्डेंट 199 वीं वाहिनी सीआरपीएफ शआनंद कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पूजा कुमार , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन, उप कमाण्डेंट आसूचना शाखा विमल कुमार सीआरपीएफ के समक्ष डीआरजी कार्यालय दन्तेवाड़ा में आत्मसमर्पण किया। उक्त माओवादियों को आत्मसमर्पण कराने में सीआरपीएफ 199वीं वाहिनी भैरमगढ़ एवं आरएफटी सीआरपीएफ का विशेष योगदान रहा।

**कार ने मारी टक्कर ...**

में तीन लोगों के सवार होने की खबर मिली थी जिसमें दो को मामूली चोट आई है वहीं एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। कोतवाली पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर फरार कार चालक की पड़ताल की जा रही है।

**15 यात्री बसों में ...**

में बिना लाइसेंस के परिचालक मिले, जिन पर 12 हजार रुपए का जुर्माना किया गया। हालांकि उड़नदस्ता की कार्रवाई से बस संचालकों में हड़कंप मच गया है।

महंगे मिलतें हैं लाइसेंसी कंडक्टरः शहर से बस चलाने वाले ने बताया कि अधिकांश बस संचालकों को इस बात की जानकारी ही नहीं होती है कि कंडक्टर के पास भी लाइसेंस होना अनिवार्य है। जिन्हें पता है, वे भी लाइसेंसी कंडक्टर नहीं रखते हैं। इसके पीछे कारण लाइसेंसी कंडक्टर का मंहगा होना है। जिन लोगों के पास कंडक्टर का लाइसेंस होता है, वे अपेक्षाकृत रूप से अधिक सैलरी मांगते हैं। ऐसे में बस संचालक किसी को भी कंडक्टर रख लेते हैं।

**नक्सल एरिया में ....**

की जिसमें ग्रामीणों ने बताया कि गांवों के बीच सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। गांव कभी नक्सलियों के गढ़ माने जाते थे, उस दौरान यहां के निवासी माओवादियों के आतंक में जीने को मजबूर थे। अब इन इलाकों में सड़क का निर्माण कर लोगों को लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

गुणवत्ता में मनमानी न करें: लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता जीआर रावटे ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य के गुणवत्ता में मनमानी करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**बस्तर परिवहन...**

हैं। चुनाव आयोग ने मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाए रखने के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

## सालभर से ज्यादा से नहीं हुआ शासकीयकरण और एरियर्स का भुगतान

# शासकीयकरण की मांग पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

पंचायत स्तर पर काम करने वाले सचिवों ने एक बार फिर अपनी शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। वही फरसगांव क्षेत्र के पंचायत सचिव 18 मार्च मंगलवार से फरसगांव मुख्यालय के दुर्गा मंच पर हड़ताल पर बैठ गए हैं। सचिवों का कहना है कि लगभग 18 माह पहले जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी थी, तब भाजपा के घोषणा पत्र में सचिवों की लंबित शासकीयकरण की मांग और एरियर्स राशि के भुगतान का वादा किया गया था। इस वादे पर विश्वास जताते हुए सचिवों ने उम्मीद जताई थी कि जल्द ही उनका शासकीयकरण होगा, लेकिन एक साल से भी अधिक समय बीत जाने के बावजूद न तो शासकीयकरण हुआ और न ही एरियर्स राशि का भुगतान हुआ।

**मेहनत के सही मूल्य का सम्मान मिलना चाहिएः सचिव संघ**

ब्लॉक सचिव संघ के अध्यक्ष उमेश पांडे ने यह भी बताया कि राज्य सरकार ने गारंटी के साथ सचिवों के शासकीयकरण की मांग को पूरा करने के लिए एक कमेटी गठित करने का वादा किया था, लेकिन सचिव आज भी अपनी मांगों के लिए हड़ताल और ज्ञापन का सहारा ले रहे हैं। ब्लॉक सचिव संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि पंचायत सचिवों को उनके मेहनत के सही मूल्य का सम्मान मिलना चाहिए। यह संघर्ष केवल सचिवों के लिए नहीं बल्कि पंचायतों के कार्यों के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि सचिवों की हड़ताल से पंचायतों के विकास कार्यों में बाधा आ सकती है। सचिवों का कहना है कि जब तक उनकी शासकीयकरण की मांग पूरी नहीं होती, वे हड़ताल जारी रखेंगे।

**अपने हक के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे है : पांडे**

*फरसगांव ब्लॉक के 73 पंचायतों के सचिव मुख्यालय फरसगांव के दुर्गा मंच पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं। ब्लॉक सचिव संघ के अध्यक्ष उमेश पांडे ने बताया कि ग्राम पंचायतों में निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करने वाले सचिव हमेशा अपने हक के लिए संघर्ष करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि शासन चाहे जो भी हो, सचिवों को उनके हक का सही तरीके से लाभ नहीं मिल पाया है। शासकीयकरण की यह मांग पिछले कई शासनकाल से चली आ रही है। 2023-24 के विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में सचिवों के शासकीयकरण का वादा किया था, लेकिन अब तक वह वादा भी पूरा नहीं हुआ।*

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का निर्वाचन आज

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1933 की धारा-32 (3) सहपठित छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम, 1995 के नियमानुसार निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों से जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन कार्य संपादित किये जाने हेतु कार्यालय जिला पंचायत सुकमा 20 मार्च को समय प्रातः 11 से जिला पंचायत के सभा कक्ष क्रमांक-8 में जिला पंचायत सुकमा अंतर्गत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन संबंधी कार्यवाही हेतु डिप्टी कलेक्टर सुमित कुमार ध्रुव सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### जिले के वनोपज की गुणवत्ता में सुधार हो



**गीदम।** भारतीय किसान संघ ग्रामीण इलाकों में सतत प्रयासरत हैं कि जिले के वनोपज की गुणवत्ता में सुधार हो। जिला किसान संघ के पदाधिकारी इस बात को लेकर व्यापारी संघ गीदम के अध्यक्ष से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि वनोपज बेचने आने वाले ग्रामीणों को व्यापारियो द्वारा भी समझाया जाए की वनोपज में किसी प्रकार का मिलावट न हो। (जैसे महुआ में पानी की मिलावट की जाती है ताकि महुआ वजन हो )क्योंकि बिना मिलावट वाले वनोपज की कीमत भी अच्छी मिलती है। किसान संघ की मांग पर व्यापारी संघ अध्यक्ष ने कहा कि गीदम नगर के बड़े छोटे सभी गल्ला व्यापारी यह कार्य वर्षों पहले से करते आ रहे हैं। हमारे नगर के व्यापारी अपनी दुकान में व हर बाजार में खराब माल का ढेर अलग व अच्छे माल का अलग ढेर लगा कर ग्रामीणों को समझाते है। किसान संघ ने भी व्यापारी संघ अध्यक्ष की बात पर सहमति जताई और कहा कि यह सामूहिक प्रयास है जो हमें जारी रखना है।

### वार्डों में कचरा न करें

**बस्तर।** नगर पंचायत बस्तर में स्वच्छता सर्वेक्षण जारी है। जिसके तहत नगर पंचायत बस्तर में भी बहुत जल्द सर्वेक्षण की टीम आ रही है। इस हेतु नगर पंचायत बस्तर में नाली व वार्डों की साफ-सफाई व्यवस्था लगातार वार्डों में किया जा रहा है। नगर पंचायत बस्तर के वार्डों में सफाई व्यवस्था लगातार किया जा रहा है। वहीं सीएमओ के द्वारा प्रतिदिन माइक से अलाउंस कर वार्डों में कचरा ना करें।

## बस्तर में कांग्रेस का अभेद्य किला कायम

# उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा को शिकस्त

### संगठन की मजबूती और रणनीति ने दिलाई जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर/भोंड

बस्तर नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस ने एक बार फिर अपनी मजबूत पकड़ को साबित कर दिया है। अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज करने के बाद अब उपाध्यक्ष पद पर भी पार्टी ने सफलता हासिल की। कांग्रेस

■ नगर पंचायत अध्यक्ष के बाद अब उपाध्यक्ष पद पर भी कांग्रेस का कब्जा

प्रत्याशी अनिल परिहार ने 9 मत प्राप्त कर उपाध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया, जबकि भाजपा प्रत्याशी समीर मिश्रा को सिर्फ 7 वोट मिले। इस तरह कांग्रेस ने 2 मतों से जीत दर्ज की और भाजपा को एक और बड़ा झटका दिया।



इस दौरान एसडीएम बस्तर एआर राणा, नगर पंचायत सीएमओ तरुण पाल लहरे, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती देवकी भद्रे, नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष अनिल परिहार, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव फतेसिंह परिहार, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रेम शंकर शुक्ला, पूर्व विधायक राजमन बेंजाम, गोपाल तिवारी, बालेश दुबे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गणेश राम बघेल, दिलीप सिंह सेंगर,सूरज कश्यप, भाजपा से भाजपा जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, योगेंद्र पांडे, रूपसिंह मांडवी, मनीराम कश्यप, डॉ. व्हीएस राजपूत उदबो राम नाग सहित दोनों पार्टी के नेता मौजूद थे।

#### कांग्रेस की एकता ने फिर मारी बाजी

भाजपा ने इस चुनाव में पूरी ताकत झोंक दी थी, लेकिन कांग्रेस की एकजुटता और संगठन की मजबूती के आगे उनकी रणनीति असफल रही। नगर पंचायत में कांग्रेस के पहले से ही 8 पार्षद थे, जिससे पार्टी मजबूत स्थिति में थी। उपाध्यक्ष पद के लिए भी पार्टी ने अपनी एकता बनाए रखी और अंततः जीत हासिल की।

#### कांग्रेस खेमे में जश्न, भाजपा में निराशा

इस जीत पर विधायक बस्तर लखेश्वर बघेल ने कहा कि यह जीत बस्तर की जनता की जीत है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता का विश्वास हमारी ताकत है। आने वाले चुनावों में भी हम इसी तरह मजबूती से आगे बढ़ेंगे। चुनाव प्रभारी पूर्व विधायक राजमन बेंजाम ने भी विजयी प्रत्याशियों को बधाई देते हुए कहा कि यह कांग्रेस की नीतियों और जमीनी पकड़ का नतीजा है। नगर पंचायत चुनाव में मिली यह जीत कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए संजीवनी साबित होगी। इससे पार्टी का मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ेगा, जिससे आगामी चुनावो में कार्यकर्ताओ में जोश रहेगा। बस्तर में कांग्रेस की यह जीत संगठन की दृढ़ता, नेतृत्व की कुशलता और कार्यकर्ताओं की एकजुटता को दर्शाती है। भाजपा के लिए यह हार आत्ममंथन का विषय है कि आखिर वह क्यों इस किले को भेदने में बार-बार असफल हो रही है।

#### चुनाव की दो बार बदली गई तारीख

इस चुनाव को लेकर कई राजनीतिक दांव-पेंच खेले गए। भाजपा ने चुनाव की तारीख दो बार बदलवाने की कोशिश की, लेकिन कांग्रेस पार्षदों को तोड़ने में असफल रही। इसके बावजूद कांग्रेस नेतृत्व ने अपने पार्षदों को संगठित रखा और जीत सुनिश्चित की।

#### रणनीतिकारों की महत्वपूर्ण भूमिका

इस जीत के पीछे कांग्रेस नेताओं की कुशल रणनीति भी एक महत्वपूर्ण कारक रही।विधायक लखेश्वर बघेल ने पूरे चुनावी प्रक्रिया के दौरान अपने पार्षदों को संगठित रखा और भाजपा की रणनीतियों को विफल किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव फतेसिंह परिहार जिन्हें बस्तर कांग्रेस का रणनीतिकार कहा जाता है, उन्होंने अपने राजनीतिक अनुभव और कुशल रणनीति का पूरा लाभ दिलवाया। जिला कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त अध्यक्ष प्रेम शंकर शुक्ला के लिए भी यह जीत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे उनका प्रभाव और संगठन में पकड़ और मजबूत हुई है।

## पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज के साथ सांस्कृतिक उत्सव का शुभारंभ






हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

बस्तर पण्डुम के प्रथम दिवस का भव्य आयोजन एनआरसी भवन बंडा रोड कोण्टा में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों, आदिवासी समाज प्रमुखों और सिरहा-गायता पूजारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि बस्तर पण्डुम 2025 का यह उत्सव पारंपरिक विरासत को संरक्षित और प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है। कार्यक्रम में विभिन्न विकासखंडों से आए कलाकारों ने अपनी पारंपरिक वाद्य यंत्रों की मनमोहक प्रस्तुति दी । कामाराम से ढोलक जनजातीय वाद्य-यंत्र का प्रदर्शन किया गया। रेगडगट्टा से श्री पांडू मचा की तोड़ी और बंसी वाद्य यंत्र की धुन गूंजी । अरलमपल्ली मरवाही से किकिड वाद्य यंत्र की आकर्षक प्रस्तुति हुई।

#### स्टॉलों का निरीक्षण एवं पेय पदार्थों का अवलोकन

कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। इन स्टॉलों में आदिवासी समाज द्वारा निर्मित पारंपरिक पेय पदार्थों का भी अवलोकन किया गया, जिसमें महुआ, सल्फी और अन्य जैविक पेय विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। सीईओ जनपद पंचायत कोंटा नारद कुमार मांझी ने बताया सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन कर उन्हें जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य कोरसा सन्नू, जनपद सदस्य मडकम भीमा, साईं रेड्डी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## पंचायत सचिव बैठे अनिश्चित कालीन हड़ताल पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

मोदी की गारंटी पूरा न होने पर सचिव संघ हड़ताल पर बैठकर राज्य सरकार का ध्यान आकर्षण करा रहें है।

शासकीयकरण को लेकर सचिव संघ ने प्रदेश स्तरीय विधानसभा घेराव किया गया था। अब 18 तारीख से समस्त ब्लाको के जनपद पंचायत के समक्ष सचिव अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठ गए है। उसी कड़ी में दरभा जनपद के सामने एक सूत्रीय मांग को लेकर तीन दर्जन की संख्या में सचिव बैठ गए है। पंचायत सचिवों से इस विषय पर चर्चा किया गया और सचिवों का कहना है कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने मोदी की गारंटी के साथ घोषणा पत्र में कहा था की हमारी सरकार बनती है तो 100 दिनों के भीतर आप सबका शासकीयकरण किया जायेगा। लेकिन कई महीने बीत गए पर भी नहीं किया गया। विधानसभा भी घेर लिया और जब तक मांग पूरी नहीं होगी हड़ताल पर बैठे रहेंगे और 1 अप्रैल को मंत्रालय का घेराव करेंगे।

## बस्तर पंडुम से आदिवासी रीति-रिवाजों को मिला समुचित मंच

### 25 हजार से ज्यादा प्रतिभागियों ने बस्तर पंडुम में लिया उत्साहपूर्वक हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

दंतेवाड़ा जिले में ब्लॉक स्तरीय दो दिवसीय बस्तर पंडुम का बुधवार को समापन हुआ। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यह आयोजन बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और संवर्धित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

बस्तर पंडुम के माध्यम से पारंपरिक नृत्य, लोकगीत, हस्तशिल्प और आदिवासी रीति-रिवाजों को मंच प्रदान किया जाता

■ ब्लॉक स्तरीय दो दिवसीय बस्तर पंडुम का हुआ समापन

है, जिससे स्थानीय संस्कृति को नई पहचान मिलती है। इस उत्सव में विभिन्न जनजातीय समूह अपनी कला और परंपराओं का प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे न केवल सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ेगी बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। दंतेवाड़ा जिले के चारों ब्लॉक में आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों, जनजातीय समुदायों और सांस्कृतिक प्रेमियों का उत्साह देखते ही बनता है। बस्तर पंडुम, न केवल संस्कृति को सहेजने का प्रयास है






बल्कि सामाजिक एकता और पारंपरिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। जिले के सभी विकासखंड में बस्तर पंडुम के तहत लगभग 25 हजार से ज्यादा प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर उत्साहपूर्वक भाग लिया।

उल्लेखनीय है कि बस्तर पंडुम 2025 के अन्तर्गत प्रतियोगिताओं की जो विधाएं शामिल की गई । उनमें जनजातीय नृत्यों के तहत गेड़ी, गौर-माड़िया, ककसाड़, मांदरी, दण्डामी, एबालतोर, दोरला, पेंडुल, हुलकीपाटा, परब, घोटुलपाटा, कोलांगपाटा, डंडारी, देव कोलांग, पूस कोलांग, कोकरेंग सहित लोक गीत श्रृंखला के तहत जनजातीय गीत-घोटुल पाटा, लिंगोपेन, चौतपरब, रिलो, लेजा, कोटनी, गोपल्ला, जगारगीत, धनकुल, मरमपाटा, हुलकी पाटा (रीति-रिवाज, तीज त्यौहार, विवाह पद्धति एवं नामकरण संस्कार आदि) जनजातीय नाट्यश्रेणी में माओपाटा, भतरा नाट्य जिन्हें लय एवं ताल, संगीत कला, वाद्य यंत्र, वेषभूषा, मौलिकता, लोकधुन, वाद्ययंत्र, पारंपरिकता, अभिनय, विषय-वस्तु, पटकथा, संवाद, कथानक के मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया गया। इसके अलावा जनजातीय वाद्य यंत्रों का प्रदर्शन के तहत धनकुल, ढोल, चिटकुल, तोड़ी, अकुम, बवासी, तिरडुड्डी, झाब, मांदर, मृदंग, बिरिया ढोल, सारंगी, गुदुम, मोहरी, सुलुङ, मुडाबाजा, चिकारा शामिल रहे।

जिन्हें संयोजन, पारंगता, प्रकार, प्राचीनता के आधार पर अंक दिए गए। जनजातीय वेशभूषा एवं आभूषण का प्रदर्शन विधा में लुरकी, करधन, सुतिया, पैरी, बाहूंटा, बिछिया. ऐंठी, बन्धा, फुली, धमेल, नांगमोरी, खोचनी, मुंदरी, सुर्रा, सुता, पटा, पुतरी, द्वार, नकबेसर जैसे आभूषण में एकरूपता, आकर्षकता, श्रृंगार, पौराणिकता को महत्व दिया गया। जनजातीय शिल्प एवं चित्रकला का प्रदर्शन विधा के अंतर्गत घडवा, माटी कला, काष्ठ, पत्ता, ढोकरा, लौह प्रस्तर, गोदना, भित्तीचित्र, शीशल, कोड़ी शिल्प. बांस की कंघी, गीकी (चटाई), घास के दानों की माला प्रदर्शन प्रस्तुतियां हुई। साथ ही जनजातीय पेय पदार्थ एवं व्यंजन का प्रदर्शन-सल्फी, ताड़ी, छिंदरस, हंडिया, पेज, कोसरा, मड़िया पेज, चापड़ा चटनी (चींटी की चटनी), अमारी शरबत एवं चटनी के बनाने की विधि स्वाद, प्रकार का प्रस्तुतिकरण बस्तर पंडुम के मुख्य आकर्षण रहे। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार भी दिया गया। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## 231 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने जीता ग्रामीणों का दिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

231वीं वाहिनी सीआरपीएफ ने सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसके तहत कुमारगुड़ा, कोंडासावली गांव में 231वीं वाहिनी, सीआरपीएफ की ए/डी एंव जी समवाय ने स्कूल-पारा में गांववालों को भोज करवाया तथा ग्रामीणों को जरुरी उपयोग के सामानों का वितरण किया।

जिसमें साड़ी, लुंगी, गमछा, चप्पल, कंबल, स्कूल बैग, स्कूल ड्रेस, नोटबुक, पेंसिल बॉक्स, पानी की टंकी, सोलर लैंप, फावड़ा, गेन्ती, पतीला, कड़ाही, थाली, ग्लास एवं क्रिकेट, वॉलीबाल तथा फुटबॉल खेल से संबंधित सामग्रियों के साथ-साथ साईकिल का भी वितरण किया गया। इसके अलावा स्कूल-पारा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के अनुरोध पर उन्हे कुर्सी, स्टील बेंच, वॉटर डिसपेंषर एवं स्ट्रीट लाईट भी उपलब्ध कराये गये। सिविक एक्शन प्रोग्राम के साथ



मेडीकल कैम्प का आयोजन भी किया गया जिसमें डॉ. सुब्रतो मण्डल, सीएमओ के द्वारा ग्रामीणों को जरुरत की सभी दवाईयॉ वितरित की गई।

सुनील भवर कमाण्डेन्ट-231वीं वाहिनी, सीआरपीएफ के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, साथ ही डॉ. सुब्रतो मण्डल सी एम ओ, ऋषभ कृष्णा सहायक कमाण्डेन्ट, प्रभात कुमार सिंह, सहायक कमाण्डेन्ट एवं निरीक्षक/ जीडी धर्मेन्द्र झा और अरनपुर थाना प्रभारी, कोंडासावली सरपंच एवं सैकड़ों ग्रामीण भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस अवसर पर सुनील भवर कमाण्डेन्ट-231वीं वाहिनी, सीआरपीएफ ने ग्रामीणों को अवगत कराया कि वे अपने बच्चों को शिक्षित एवं जागरुक करे जिससे कि वे देश के बेहतर नागरिक बन सके, साथ ही उन्होने अवगत कराया कि सीआरपीएफ का उद्देश्य ग्रामीणों के मन में सुरक्षा की भावना पैदा करना है। उपस्थित सभी ग्रामीणों ने सीआरपीएफ द्वारा किये गये इस कार्य की प्रशंसा की तथा सीआरपीएफ का धन्यवाद ज्ञापन किया।

### राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान 23 को

**दंतेवाड़ा।** कार्यालय जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण प्राप्त जानकारी अनुसार भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा विभाग साक्षरता विभाग तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान नई दिल्ले के पहल पर उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान का आयोजन 23 मार्च को किया जायेगा। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण मयंक चतुर्वेदी ने निरक्षरों से अपील की है। कि वे अपने पास के परीक्षा केन्द्रों मे जाकर परीक्षा मे सम्मिलित हो और साक्षर बने। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जयंत नाहटा द्वारा जानकारी दी गई कि परीक्षा में 15 वर्ष से अधिक उम्र शिक्षार्थियों को सम्मिलित कराया जाना है, जिले से 8362 निरक्षरों को परीक्षा में बैठाने का लक्ष्य रखा गया है।

## लोककला एवं सांस्कृतिक परंपरा को बढ़ावा देने शासन की अभिनव पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पहल पर जनजाति बाहुल्य बस्तर संभाग की स्थानीय कला एवं सांस्कृतिक परंपरा से परिपूर्ण बस्तर अंचल के लोककला, शिल्प, तीज-त्यौहार, खानपान, बोली-भाषा, रीति-रिवाज, वेश-भूषा, आभूषण, वाद्ययंत्र, पारंपरिक नृत्य, गीत-संगीत, लोकनाट्य, पेयपदार्थों के मूल स्वरूप को संरक्षण संवर्धन एवं कला समूहों के सतत विकास तथा जनजातीय कलाकारों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से बस्तर पंडूम का आयोजन आज भोपालपटनम के मिनी स्टेडियम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद



पंचायत के अध्यक्ष सरिता कूड़ेम एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष कविता कोरम जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 1 तिमेड, बीजापुर एवं विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष नीलम गणपत, सुश्री रिंकी कोरम नगर पंचायत अध्यक्ष भोपालपटनम को बनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ मातहारी की छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपस्थित मुख्य अतिथि कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत सम्मान जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया। तत्पश्चात मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिलीप यूईके के द्वारा स्वागत संबोधन किया गया। तदुपरांत मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथियों ने बस्तर पांडूम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह पर्व शासन की एक अभिनव पहल है । बस्तर आंचल में रह रहे आदिवासी जनजातियों का वेशभूषा रहन-सहन खान-पान विभिन्न कलाओं का धरोहर है। जिसे बचाए रखना का मूल उद्देश्य है।

कोण्डागांव सुपर मार्केट विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 94791-66051

शौकीन हाउस, मेन रोड कोण्डागांव मो.- 9977719190, 7000708887
(इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर्स)
BLUE STAR Whirlpool SAMSUNG SONY Symphony

शौकीन इण्डिया
मो.- 94242 96333, 7000708887
हमोर यहाँ सभी कम्पनियों के लेपटॉप, कम्प्यूटर, सीसीटीवी कैमरा, DSLR कैमरा एवं अन्य समान उपलब्ध है।

HEALTH TOWN

श्री अनंत हॉस्पिटल
बांधा तालाब के सामने, बांधापारा, कोण्डागांव
07786450046, 9111551414
नेत्र रोग
● आधुनिक कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जांच ● बिना इंजेक्शन, बिना टांके, आधुनिक मोतियाबिंद शल्यक्रिया ● लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा ● चश्मा ● नासूर की शल्यक्रिया
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
CERTIFIED ISO 9001
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

ACE COMBINE HARVESTER
विशेषताएं
◆ कृषि विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त
◆ 100 प्रतिशत स्वदेशी (भारत में बना हुआ)
◆ लो मेंटेनेंस : कम लागत में ज्यादा काम
धान, मक्का, सोयाबीन, गेंहू, मूंग आदि की कटाई-मिंजाई के लिए।
100% Swadeshi
अग्रिम बुकिंग प्रारंभ
अधिकृत विक्रेता -
मे. सांई ट्रेक्टर्स सेल्स स्पेयर्स सर्विस
महालक्ष्मी एन्क्लेव के सामने, सिहावा रोड, धमतरी (छ.ग.)
मो. : 7000292192, 9425209243, 9424209243
शाखा : धमतरी रोड, नगरी, जिला-धमतरी
ब्रांच आफिस : जामकोट पारा, मेन रोड, कोण्डागांव

## खबर संक्षेप

### अनूप दिगम्बर जैन समाज के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित



जगदलपुर। दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष पद का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। समाज ने लगातार दूसरी बार अनूप जैन को निर्विरोध अध्यक्ष चुना। अनूप जैन की समाज के प्रति समर्पण व उनके विनम्र व्यवहार को देखते हुए समाज के सभी सदस्यों ने उनके निर्विरोध अध्यक्ष बनने पर हर्ष व्यक्त किया है। वहीं अनूप जैन ने भी अपनी पूरी कार्यकारिणी की ओर से सभी संरक्षकगण एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया और सबका साथ लेकर समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करने का संकल्प लिया। नयी कार्यकारिणी का कार्यकाल 2025-27 तक का होगा। शैलेष कुमार जैन, रूपेश कुमार जैन और नितिन कुमार जैन जो निर्वाचन समिति में है उनके द्वारा यह घोषणा की गई।

### यादव समाज की जिला कार्यकारिणी भंग



जगदलपुर। बस्तर जिला यादव सामाज के जिला अध्यक्ष का चुनाव अप्रैल में होगी। होली मिलन समारोह के बाद बलराम यादव ने बस्तर जिला यादव समाज की जिला कार्यकारिणी को भंग कर दी है। चूंकि बलराम यादव का कार्यकाल फरवरी 2025 को समाप्त हो गया था। कार्यकारिणी भंग होने के पश्चात चुनाव संचालन समिति का गठन किया जायेगा। चुनाव संचालन समिति में दो पूर्व अध्यक्ष दो वरिष्ठ सदस्य दो समाज के रीति नीति के जानकार तथा दो महिला सदस्य होंगे। चुनाव संचालन समिति ही बस्तर जिला यादव समाज के अध्यक्ष का चुनाव करायेगी। हमेशा जिला अध्यक्ष का चुनाव सर्व सम्मति से एक राय से किया जायेगा। बस्तर जिला यादव समाज के अध्यक्ष का चुनाव अप्रैल माह के द्वितीय सप्ताह में कराए जाएंगे। चुनाव कार्यकम की घोषणा चुनाव संचालन समिति करेंगी। चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होते तक बलराम यादव कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में बने रहेंगे।

# महारानी अस्पताल की ओपीडी पर्ची के लिए संचालित आभा एप की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष गिरधारी नायक अपने एक दिवसीय बस्तर जिले के प्रवास जगदलपुर पहुंचे। बुधवार को राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष ने स्थानीय विश्राम गृह के सभाकक्ष में कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा की मौजूदगी में जिला स्तरीय अधिकारियों से लंबित दण्डाधिकारी जांच प्रकरणों की संख्या, विगत 5 वर्ष में पुलिस अभिरक्षा में हुई मृत्यु संबंधित प्रकरणों, विचाराधीन -दंडित बंदियों की मृत्यु से संबंधित प्रकरण, केन्द्रीय जेल में निरूद्ध कैदियों की बीमारी की ईलाज की व्यवस्था, कैदियों के आत्महत्या के प्रकरण या कैदियों द्वारा जानबूझकर स्वयं को नुकसान पहुंचाने और आत्महत्या के प्रयासों को कम करने के संबंध में जानकारी, किशोर न्याय अधिनियम के तहत संचालित बाल संप्रेक्षण गृह व बालगृह के बच्चों के देखरेख, शिक्षण एवं संरक्षण की व्यवस्था, जिले में संचालित शासकीय प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक हॉस्टल की बुनियादी सुविधाओं, शिक्षा विभाग से एकल शिक्षकीय, लापता लोगों के प्रकरण, वृद्धाश्रम में वृद्धजनों की संख्या एवं उनके सुविधा, आवारा-पागल स्वान की रोकथाम के लिये की गई कार्यवाही तथा अन्य विषयों के सम्बन्ध में चर्चा की। साथ ही संबंधित अधिकारियों को पूरा विवरण बनाकर जानकारी साझा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण दौरे में अपर कलेक्टर सीपी बघेल, जेल अधीक्षक एसएस राय, अति. पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग, सीएसपी आकाश श्रीश्रीमाल, राज्य मानव अधिकार आयोग के मनीष मिश्रा सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## राज्य मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष ने मानव अधिकार के प्रकरणों से संबंधित मामलों की ली बैठक

### स्कूलों का किया निरीक्षण

आयोग अध्यक्ष ने महारानी जिला अस्पताल की सभी सेवाओं का निरीक्षण किया, जिसमें ओपीडी, आपातकालीन चिकित्सा सेवा, शिशु वार्ड, प्रसूति वार्ड, दवाइयों का भंडारण कक्ष, मनोपचार केंद्र,अंबक केंद्र का निरीक्षण किए। निरीक्षण के दौरान महारानी अस्पताल द्वारा आभा एप के माध्यम से ओपीडी पर्ची काटने की प्रणाली की सराहना की। इसके बाद अध्यक्ष भगत सिंह स्कूल के निरीक्षण में पहुंचे जहां सातवीं और आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों से उनके पाठ्य पुस्तक से संबंधित सवाल पूछते और पुस्तक का अध्यापन करवाया। साथ मध्याह्न भोजन की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था का अवलोकन किया।



### कैदियों की समस्याओं पर की चर्चा

इसके उपरांत वृंदावन कालोनी स्थित बाल संप्रेषण गृह का भी निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं और दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया। साथ ही कोतवाली थाना का भी जायजा लिया और पुलिस विभाग द्वारा की जा रही सुरक्षा व्यवस्था तथा आम जनता को दी जा रही सेवाओं का निरीक्षण किया। कार्यक्रम के अंत में केंद्रीय जेल का निरीक्षण कर बंदियों से जेल की व्यवस्था, कैदियों की समस्याओं के संबंध में चर्चा किए। जेल में कैदियों द्वारा तैयार की जा रही विक्रय योग्य समानों का भी अवलोकन कर कैदियों से काम के बदले पारिश्रमिक मिलने की जानकारी ली। उन्होंने जेल परिसर में की जा रही विकास कार्य का भी संज्ञान लिया।

## नजूल की जमीन पर कब्जा कर व्यापारी करा रहा था लिफ्ट निर्माण

# बुलडोजर के साथ तोड़दस्ता ने हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर





शिवमदिंर वार्ड के शीट नम्बर 90 व प्लाट नम्बर 22 के नजूल भूमि में व्यापारी द्वारा जबरन कब्जा कर लिफ्ट निर्माण करने की शिकायत के बाद नजूल व निगम का दस्ता पहुंचा और

- निजी जमीन पर भी किया अतिक्रमण, वार्ड वासियों ने आयुक्त व एसपी से कि शिकायत

लिफ्ट निर्माण के लिए कराए गए निर्माण कार्य को तोड़ा। इससे पूर्व जांच में पहुंचे नजूल तहसीलदार ने व्यापारी को अतिक्रमण हटाने तीन दिन का समय दिया था। बावजूद कब्जा हटाने के व्यापारी द्वारा लगातार अतिक्रमण कर निर्माण कार्य कराया जा रहा था।

गौरतलब है कि इससे पूर्व महापौर संजय पाण्डे व निगम सभापति खेमसिंग देवांगन ने कलेक्टर हरीश एस से इसकी शिकायत की थी। कलेक्टर के निर्देश पर पहुंची जांच टीम ने नजूल की भूमि में अतिक्रमण करना पाया था। अतिक्रमण हटाने तहसीलदार अकुंर रात्रे ने तीन दिन का अल्टीमेटम दिया था इसके बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाने पर तोडू दस्ता के साथ पहुंची टीम ने अतिक्रमण को हटाया और दूबारा अतिक्रमण नहीं करने व्यापारी को निर्देशित किया। बुलडोजर के साथ पहुंची टीम ने वार्डवासियों की मौजूदगी में जांच में पाया कि नजूल के साथ ही निजी भूमि में भी अवैध कब्जा किया था। नजूल की जमीन पर बकायदा लिफ्ट बनाने स्ट्रेक्चर खड़ा किया गया था। व्यापारी अशुंल गोलछा पिता मनोहर गोलछा तथा अकिंता गोलछा पति अकिंत गोलछा द्वारा लिफ्ट व शेष भूमि में अवैध कब्जा कर अतिक्रमण किया गया था। वहीं टीम ने जांच में पाया कि दशकों पुराने नाला को भी अतिक्रमण कर पाट दिया गया था जिससे पानी की निकासी प्रभावित हो रही है।

### नजूल व निजी भूमि में लगाए गए बाड़ को हटाने की मांग

अतिक्रमण करने वाले व्यापारी द्वारा नजूल व निजी भूमि के सामने बकायदा बाड़ लगाकर आवाजाही को प्रभावित किया गया है। मौके पर मौजूद वार्ड के लोगों ने व्यापारी द्वारा किए गए अतिक्रमण व नजूल तथा निजी भूमि में रखे निर्माण सामग्रियों को हटाने की मांग की है। वार्डवासियों ने बताया कि व्यापारी द्वारा दशकों पुराने नाला को भी मिट्टी से पाट दिया गया है। वार्डवासियों ने कलेक्टर व निगम आयुक्त से नाला व निजी जमीन में किए गए अतिक्रमण को हटाने व नाली निर्माण कराने की मांग की है।

### नाली निर्माण शुरू नहीं होने व जमा पानी की दुर्गंध से परेशान वार्ड के लोग

मकान निर्माण कर रहे गोलछा परिवार द्वारा दशकों पुरानी नाली को पाट कर बिना अनुमति के कई पेड़ों को भी काट दिया गया था। वर्षों पुराने नाली के पाटने से शहर का गंदा पानी एक ही जगह एकत्रित हो रहा है जिसके चलते वार्ड वासियों का दुर्गंध के चलते काफी परेशान थे। निगम द्वारा पूर्व में स्वीकृत नाली का निर्माण कार्य अब तक प्रारम्भ नहीं करवाया गया है जिससे शहर का गंदा पानी एकत्रित हो रहा है उससे उठने वाली दुर्गंध से वार्ड के लोग काफी परेशान है। वार्डवासियों ने जल्द से जल्द नाली निर्माण कर दुर्गंध से राहत दिलाने की मांग की है।

जांच में यह भी पाया गया कि उक्त व्यापारी द्वारा नजूल के अलावा दास परिवार के निजी भूमि में भी अतिक्रमण कर कॉलम खड़ा किया जा रहा था। अतिक्रमण हटाने पहुंचे तहसीलदार नजूल अकुंर रात्रे, आरआई राजेश चौहान, पुलिस व निगम की टीम ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई की। जिसमें शीट नम्बर 90 व प्लाट नम्बर 22 के 5456 वर्ग फीट नजूल भूमि के 1050 वर्ग फीट पर लिफ्ट व मिट्टी पाटकर उक्त भूमि पर अतिक्रमण किया गया था। मौके पर मौजूद तहसीलदार नजूल, पुलिस बल व निगम अमले की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाया गया।

## कांगेर वैली को विश्व धरोहर की दौड़ में शामिल करने पर हर्ष



जगदलपुर। युवा एवं इको क्लब बड़ेमुरमा ने कांगेर वैली नेशनल पार्क को विश्व धरोहर की दौड़ में शामिल करने के निर्णय का स्वागत किया है। यह न केवल कांगेर वैली नेशनल पार्क की प्राकृतिक सुंदरता और जैव विविधता को मान्यता देता है, बल्कि यह बस्तर इको क्लब की गतिविधियों और सहभागिता को भी प्रोत्साहित करेगा। इको क्लब प्रभारी मनीष अहीर ने बताया कि पिछले कई वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करता आ रहा है, जिनमें पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम, नेचर वॉकिंग, जल दिवस, पृथ्वी दिवस, पर्यावरण दिवस , जैव विविधता दिवस, वन्य जीव सप्ताह प्लास्टिक से बचाव कार्यक्रम, वन्यजीव और प्राकृतिक संसाधनों का अध्ययन और सामुदायिक कार्यक्रम शामिल हैं। हमारे इको क्लब के सदस्यों ने वन्यजीवों और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्कूल की इको क्लब डीईओ, डीएमसी, संस्था के प्राचार्य के निर्देशन में इको क्लब प्रभारी मनीष अहीर के मार्गदर्शन कार्य कर रहे हैं। पर्यावरण विभाग द्वारा इको क्लब बड़ेमुरमा अपने कार्यों के लिए सम्मानित हो चुका है। इको क्लब ने कांगेर वैली नेशनल पार्क के पूर्व निर्देशक से प्रेरणा लेकर कार्य प्रारंभ किया है और कार्य करते रहेंगे , हमें उम्मीद है कि कांगेर वैली नेशनल पार्क को विश्व धरोहर की दौड़ में शामिल करने से हमारे बस्तर में पर्यटन गतिविधियों को और बढ़ावा मिलेगा।

# कर्तव्य के प्रति सजग रहकर राजस्व प्रकरणों का करें निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि जिले में राजस्व अधिकारी अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहते हुए, राजस्व प्रकरणों का निराकरण करने में तत्परता दिखाएं। उन्होंने कहा कि नक्शा बटांकन की प्रक्रिया में सभी तहसील से शीट के आधार पर ऑनलाइन अपडेट करते हुए लंबित प्रकरणों को 24 मार्च तक पूरा करें। कलेक्टर ने मंगलवार को जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में राजस्व प्रकरणों के दर्ज, निराकरण एवं लंबित प्रकरणों, ई- कोर्ट के प्रकरणों, स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन, नक्शा बटांकन की प्रगति, भू-अर्जन के प्रकरण, स्लरी पाइप

- कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

लाइन विस्तार के तहत भुगतान के प्रकरण, अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, विवादित खाता विभाजन, सीमांकन के प्रकरण, राजस्व न्यायालयवार लंबित प्रकरणों, भू-अभिलेख पर त्रुटि सुधार के मामले, आरबीसी 6-4 के प्रकरणों के निराकरण की स्थिति और भुगतान की समीक्षा की गई ।

इसके अलावा शीर्ष बी-121 विविध सामान्य राजस्व प्रकरण, अनाधिकृत रूप से भूमि पर कब्जा करने या रखने वाले व्यक्तियों की बेदखली और उन पर शास्ति की कार्रवाई, अ -74 के मामले, दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 170,126,135 के प्रकरण, वनाधिकार पट्टे का डिजिटाइजेशन एवं अभिलेख दुरुस्तीकरण की जानकारी, अनुविभागीय व तहसील कार्यालय के निर्माण कार्यों की प्रगति और आवश्यक संसाधनों, असर्वेक्षित गांवों के राजस्व सर्वेक्षण की प्रगति, नक्शा नवीनीकरण की प्रगति, बैंक बंधक के प्रकरण, डिजिटल हस्ताक्षरीकृत खसरों की प्रगति, राजस्व शिविर की क्रियान्वयन एवं आवेदनों पर कार्यवाही की समीक्षा किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीपी बघेल, ऋषिकेश तिवारी, समस्त अनुविभागीय दंडाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

# क्षेत्रीय साहू समाज कर्मा जयंती मनाने हुए एकजुट



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

क्षेत्रीय साहू समाज तेतरकुटी द्वारा भक्त माता कर्मा जी की जयंती 25 मार्च को समारोह पूर्वक मनाने का निर्णय लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय साहू समाज तेतरकुटी के द्वारा रविवार को कालीपुर में इस सम्बन्ध में बैठक आहूत की गई। इस दौरान नए परिवारों को समाज की सदस्यता दिलवाई गई। साथ ही सभी के सहयोग से भक्त माता कर्मा जी की जयंती भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया।

25 मार्च को प्रातः 10.30 बजे से साहू समाज के द्वारा शोभायात्रा निकाली जायेगी, दोपहर 12 बजे हवन - पूजन कार्यक्रम, दोपहर 1 बजे सामाजिक परिचय और अतिथि उद्बोधन, 2.30 बजे प्रतिभावान सम्मान समारोह तथा पुरस्कार वितरण किये जायेंगे। तत्पश्चात भक्त माता कर्मा तथा कृष्ण भगवान को भोग लगाई जायेगी इसके बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया जायेगा। कालीपुर में समाज की हुई बैठक में इस सम्बन्ध में कई अन्य निर्णय लिये गये।

बैठक में समाज के अध्यक्ष गणेश राम साहू, मोहनलाल साहू, लाल बहादुर साहू, मलखान राम सोनवानी, जोहन राम साहू, परमानंद साहू, गोपी साहू, एके साहू, चंद्रशेखर साहू, पालन साहू, पांचू राम साहू, लक्ष्मी साहू, सुकरू राम साहू, दिलीप साहू, सीमा साहू, विधु साहू, मंगलदई, भगवती साहू, पार्वती साहू, रत्न साहू, सोनाधार साहू सहित समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रधान अध्यापक माध्यमिक शाला के पदों पर शीघ्र पदोन्नति की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के संभागीय प्रतिनिधिमंडल ने गत दो वर्षों से लंबित शिक्षक से प्रधान अध्यापक माध्यमिक शाला के पदों पर पदोन्नति करने सहित एलबी संवर्ग की अन्य समस्याओं से

- छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने संयुक्त संचालक को सौंपा मांगपत्र

संबंधित ज्ञापन संयुक्त संचालक को सौंपकर समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग की। एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव, प्रदेश महासचिव हेमेंद्र साहसी ने बताया कि बस्तर संभाग शिक्षक से प्रधान अध्यापक माध्यमिक शाला के पद पर पहले पदोन्नति किये जाने पर सहायक शिक्षक से शिक्षक पद पर पदोन्नति के लिए अधिक पद प्राप्त होंगे। बस्तर संभाग में अधिकांश विकास करो में आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा संविलयन के पूर्व की सेवा के अर्जित अवकाश सुनने का संविलियन तिथि 2018 से ही गणना की जा रही है जबकि नियमानुसार प्रथम नियुक्ति तिथि से ही अर्जित अवकाश की गणना करते हुए लाभ प्रदान किया जाना है। शिक्षकों की स्थानीय समस्याओं का निराकरण के लिए सभी जिलों में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा परामर्श दात्री समिति की बैठक आयोजित की जानी चाहिए जिससे स्थानीय समस्याओं का निराकरण हो सके। कांकेर जिले में सेवानिवृत्ति शिक्षिका रमा ठाकुर को सेवा वृद्धि होने के उपरांत 3 माह से वेतन अप्राप्त है इनके वेतन भुगतान व पीपीओ जारी करने, कोंडागांव खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा शासन द्वारा जारी निर्देशों के विपरित मनमाने ढंग से व्याख्याताओं को 8 वीं केंद्रीकृत परीक्षा का केंद्राध्यक्ष बना दिया गया है जिससे हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन कार्य प्रभावित होगा। जबकि शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार प्रधान अध्यापक माध्यमिक शाला या शिक्षक को केंद्राध्यक्ष बनाया जाना है। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में प्रवीण श्रीवास्तव प्रदेश उपाध्यक्ष बस्तर संभाग प्रभारी, हेमेंद्र साहसी प्रदेश महासचिव, राजेश गुप्ता जिलाध्यक्ष बस्तर, स्वदेश शुक्ला जिलाध्यक्ष कांकेर, ऋषिदेव सिंह जिलाध्यक्ष कोंडागांव, संतोष जायसवाल जिला सचिव कांकेर, मनीष ठाकुर विख अध्यक्ष जगदलपुर एवं मीडिया प्रभारी कृष्णेंदु आइच उपस्थित रहे।

# बैंगलोर की टीम ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



डॉ. गुरुराज पाटिल एवं डॉ. सन्ध्या के नेतृत्व में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन बैंगलोर की टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तोकापाल में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। साथ ही सीएचसी पोषण पुनर्वास केन्द्र में उपचाररत कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य का हाल पूछा।

ज्ञात हो कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन एवं सहयोगी संस्था लेप्रा सोसाईटी की टीम बैंगलोर से बस्तर जिले के स्वास्थ्य मानकों का अवलोकन एवं निरीक्षण करने बस्तर भ्रमण पर आयी है, जो 18 मार्च से 20 मार्च तक बस्तर के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों एवं संस्थाओं का अवलोकन एवं निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेगी। भ्रमण के प्रथम दिवस उक्त टीम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तोकापाल पहुंच कर सबसे पहले एनआरसी वार्ड का निरीक्षण करते हुए भर्ती बच्चे एवं पोषण आहार की जानकारी ली, इसके पश्चात कुष्ठ वार्ड में जाकर उपचाररत मरीज, दवाई, ग्रेड-2 विकृति एवं एमसीआर आदि की जानकारी ली। इस अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋषभ साव, एनएमए शिव नारायण पाण्डे, एसटीएस प्रदीप त्रिपाठी, व्हीबीडी सुपरवाईजर सुदर्शन कश्यप और अन्य स्वास्थ्य अमला उपस्थित थे।

# निर्धारित राजस्व लक्ष्य को प्राप्त करने विभागीय अधिकारी करें सार्थक पहल : संगीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



राज्य शासन द्वारा आबकारी विभाग के लिए निर्धारित राजस्व लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी विभागीय अधिकारी सार्थक प्रयास करें। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए

- आबकारी आयुक्त सह सचिव ने आबकारी विभाग की संभाग स्तरीय बैठक में दिए निर्देश

सभी अधिकारी-कर्मचारी समन्वित दायित्व निर्वहन करें। उक्त निर्देश आबकारी आयुक्त सह सचिव वाणिज्यिक कर आबकारी विभाग आर. संगीता ने मंगलवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभागार में आबकारी अधिकारियों के संभाग स्तरीय बैठक में दिए। साथ ही वर्ष 2025-26 के लिए देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अंतर्गत व्यवस्थापन सुनिश्चित किए जाने कहा। वहीं अवैध मदिरा के परिवहन एवं विक्रय रोकने के लिए निरंतर जांच अभियान चलाए जाने सहित सम्बन्धितों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों का नियमित रूप से निरीक्षण एवं निगरानी किए जाने कहा। बैठक में प्रबन्ध संचालक छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कारपोरेशन लिमिटेड श्री श्याम धावड़े सहित आबकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में अवगत कराया गया कि राज्य शासन द्वारा नवीन वित्तीय वर्ष में आबकारी विभाग के लिए साढ़े 12 हजार करोड़ रुपए आबकारी आय का राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शासन की नवीन आबकारी नीति के तहत देशी-विदेशी मदिरा की विक्रय दर विगत वर्ष की अपेक्षा कम होगी। राज्य में विक्रय दर कम होने से अन्य प्रदेशों से अवैध परिवहन की जाने वाली मदिरा पर नियंत्रण होगा। आबकारी एवं अद्योसंरचना शुल्क गत वर्ष की अपेक्षा कम किया गया है। राज्य में 67 नवीन शराब दुकान खोले जाने हेतु अनुमति प्राप्त हुई है। मदिरा दुकान विहीन क्षेत्र में नवीन शराब दुकान खोले जाने से सही दर पर सही मदिरा शासन की संचालित दुकान से प्राप्त होगी। वर्तमान वर्ष में रेडी-टू-ड्रिंक पे के लिए रजिस्टर्ड किया जाएगा। देशी-विदेशी मदिरा की दुकानों में कम्पोजिट शॉप अनुज्ञप्ति के प्रावधान को क्रियान्वित किया जाएगा।

